एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/328/26 ब/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय 26 ब

प्रारंभिक बच्चन मे वैकासिक वैकासिक

कार्यपत्रक - 26 ब

1. विकास का अध्ययन करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालिए और अपने उत्तर के समर्थन में उदाहरण दीजिए।
2. जीवन काल के विभिन्न चरणों की सूची बनाइए। आपके मित्रों और परिवार के कितने लोग जीवन काल के विभिन्न चरणों में आते हैं, इसकी जानकारी देते हुए एक आवृत्ति तालिका तैयार कीजिये।
3. "विकास, जिसका वास्तविक रूप से अर्थ अनेक प्रक्रियाओं शारीरिक, सामाजिक, तथा संज्ञानात्मक के मध्य जटिल अंतक्रियाओं के परिणाम है” दिए गए कथन पर चर्चा कीजिये।
4. निम्नलिखित विकास के क्षेत्रों में ,प्रत्येक के लिए दस उदाहरण सूचीबद्ध कीजिये - संज्ञानात्मक, जैविक और सामाजिक | क्या आपकी राय में वृद्धि - विकास से अलग है ? यदि हां/नहीं, तो अपने उत्तर के लिए उचित कारण बताएं।
5. विकासात्मक परिवर्तन कुछ सिद्धांतों का पालन करते हैं । विकासात्मक परिवर्तनों के सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।
6. एक बालक का विकास विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है। किसी व्यक्ति के विकास को प्रभावित करने वाले कम से कम आठ कारकों की व्याख्या कीजिए।
7. एक 3-4 साल के बालक का शारीरिक विकास के संदर्भ में, उनके अभिभावक की सहमति से, अवलोकन कीजिए। उनकी शारीरिक क्षमताओं को समझाते हुए रिपोर्ट तैयार कीजिये जैसे- दौड़ना, कूदना, सीढ़ियाँ चढ़ना, समझ, आदि।
8. बचपन के प्रारंभ में संज्ञानात्मक विकास की विशिष्ट विशेषताओं की सूची बनाएं।
9. एक बच्चा अपने जीवन के पहले पांच वर्षों में जिस भावनात्मक और सामाजिक विकास के प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करता है, उसकी व्याख्या कीजिये।